विन्दु संख्या-1

# प्रस्ताव के बारे में विवरण एवं प्रस्ताव की औचित्य एवं आवष्यकता

1: कार्य का नाम:– **जनपद अल्मोड़ा में अल्मोड़ा–घाट मोटर मार्ग के चितई पंत तिराहे से (हरिदत्त पेटशाली इण्टर कालेज से आगे) पेटशाल तक वैकल्पिक मोटर मार्ग।**

2: कार्य की वास्तविक लम्बाई:– **6.00 किमी0**

3: कार्य की लागत:– **Rs. 200.16 लाख**

4: आगणन गठित करने का संदर्भ:– शा0सं0– 572/ ।।।(2) /2006–08 प्रा0आ0/06 दि0 28.03.2006 के अनुपालन में।

5: लोक सभा क्षेत्र का नाम:– अल्मोड़ा–पिथौरागढ़

6: विधान सभा क्षेत्र का नाम:– 52–अल्मोड़ा

7: लाभान्वित ब्लाक के नाम:– हवालबाग

8: लाभान्वित ग्रामों का नाम/कोड सं:–

| क0सं0 | ग्राम का नाम | जनसंख्या |
|---|---|---|
| 1 | चितई तिवाड़ी | 287 |
| 2 | चितई पन्त | 348 |
| 3 | मन्योली | 59 |
| 4 | पूनाकोट | 561 |
| 5 | पेटशाल बाड़ी | 35 |
| | **योग** | **1290** |

9: आगणन के मुख्य प्राविधान:– **मोटर मार्ग का नव निर्माण।**

10: **कार्य विषयक विस्तृत आख्या:–** उक्त मोटर मार्ग के निर्माण हेतु प्रथम चरण की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति शा0दे0–572/ ।।।(2) /2006–08 प्रा0आ0/06 दि0 28.03.2006 द्वारा **किमी0 8.00 लम्बाई** हेतु **Rs. 200.16 लाख** की प्राप्त हुई है, मार्ग का प्रारम्भिक सर्वेक्षण कर दोनों समरेखनों का तुलनात्मक विवरण निम्नवत् है–

**समरेखन 1:–** इस समरेखन के अनुसार इस मोटर मार्ग अल्मोड़ा–घाट मोटर मार्ग के किमी0 10 है0 4–6 से (चितई पन्त) हरीदत्त पेटशाली द्वारा निर्मित मार्ग के प्रारम्भिक 125मी0 भाग से होते हुए ग्राम चितई पन्त, चितई तिवाड़ी ग्राम दमोड़ा, मन्योली, पाताल देवी को जोड़ते हुए पेटशाल में अल्मोड़ा–घाट मोटर मार्ग के किमी0 13 हेमी0 4–6 नौले के पास समाप्त होता है। मार्ग की लम्बाई 6.00 किमी0 आती है, परन्तु इस 2.00 किमी0 का समरेखन अधीक्षण अभियन्ता, प्रथम वृत्त, लो0नि0वि0, अल्मोड़ा का पत्रांक–1076/769सी0 दि0 5.05.2003 द्वारा स्वीकृत है एवं वन भूमि भी स्वीकृत है। इस पूरे समरेखन में 04नं0 15मी0 स्पान, 01नं0 6मी0 स्पान, 01नं0 8मी0 स्पान तथा 01नं0 12मी0 स्पान के पुल बनाने पड़ेगे तथा मार्ग में 6 हेअरपिन बैंड है, तकनीकी दृष्टि से ग्रेड सही मिलता है। इस संमरेखण के अनुसार मोटर मार्ग के निर्माण हेतु ग्रामवासी एवं जनप्रतिनिधि सहमत है।

**समरेखन 2:–** इस समरेखन के अनुसार इस मोटर मार्ग अल्मोड़ा–घाट मोटर मार्ग के किमी0 10 है0 4–6 से (चितई पन्त) हरीदत्त पेटशाली द्वारा निर्मित मार्ग के प्रारम्भिक 125मी0 भाग से होते हुए ग्राम चितई पन्त, चितई तिवाड़ी ग्राम दमोड़ा, मन्योली, पाताल देवी को जोड़ते हुए पेटशाल में अल्मोड़ा–घाट मोटर मार्ग के किमी0 13 हेमी0 4–6 नौले के पास समाप्त होता है। इस पूरे समरेखन में 03नं0 15मी0 स्पान, 01नं0 6मी0 स्पान, तथा 01नं0 12मी0 स्पान के पुल बनाने पड़ेगे तथा मार्ग में 10 हेअरपिन बैंड है, तकनीकी दृष्टि से ग्रेड सही मिलता है तथा समरेखन की लम्बाई अधिक है। इस संमरेखण के अनुसार मोटर मार्ग के निर्माण हेतु ग्रामवासी एवं जनप्रतिनिधि सहमत नहीं है।

उक्त क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अनाज, सब्जी फल आदि का उत्पादन होता है, परन्तु सड़क न होने से स्थानीय जनता का विपर्णन का कार्य नहीं हो पाता है। इसके अतिरिक्त अल्मोड़ा जिला पर्यटन की दृष्टि से भी अग्रणीय है। सड़क बनने से इस क्षेत्र में पर्यटन की भी सम्भावनाऐं हैं। सड़क की व्यवस्था न होने के कारण ग्रामीण जनता को यातायात की सुविधा नहीं मिल पा रही है। उत्तराखण्ड शासन द्वारा उक्त ग्रामों को जोड़ने हेतु मोटर मार्ग स्वीकृत किया गया है।

समस्त कार्य लोक निर्माण विभाग की विशिष्टियों के अनुसार सम्पादित कराये जायेंगे।

उपरोक्त गुण–दोष के आधार पर लाल रंग से दर्शाया गया समरेखन सं0–1 तकनीकि एंव उपर्युकता की दृष्टि से अधिक उपर्युक्त होने के कारण अनुमोदन हेतु संस्तुति कर स्वीकृति हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

सहायक अभियन्ता,
निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0 अल्मोड़ा

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0 अल्मोड़ा